## संक्षिप्त

### बाबू हंसमुख को श्रद्धांजलि दी गई

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर नगर के प्रबुद्ध जनों द्वारा आसपास साहित्य संस्थान के संयोजक स्व श्री बाबू हसमुख को एक सभा आयोजित कर श्रद्धांजली दी गई इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए साहित्य एवं सामाजिक कार्यों को याद किया गया। दो मिनट के मौन बाद वक्ताओं ने बाबू हसमुख के जीवन और साहित्य पर विचार रखे। समाजसेवी और पार्षद रामेश्वर बुनकर ने उन्हे दलित चेतना का अग्रदूत बताया वही पूरण बुनकर ने उन्हें सहकारिता के लिए काम करने के लिए याद किया, कवि कमल मनोहर ने उन्हे अपना अभिभावक व साहित्य के क्षेत्र का भीष्म कहा आसपास साहित्य संस्थान के द्वारा उन्होंने मनोहरपुर में कई कविसम्मेलन आयोजित किए अब उनके उत्तराधिकारी के रूप में उनकी बिटिया कंचन वर्मा साहित्य सृजन कर रही है। इस अवसर पर उनकी हाल में आई कृति नजरबाग भेंट की गई

### ज्ञापन सोंपा

**बौंली- बामनवास।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महा संस्थान परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज दीक्षित के नेतृत्व में जिले के अनेको पदाधिकारी ने बौंली उपखंड कार्यालय पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा द्वारा 13 अप्रैल रात्रि को भाजपा मंडल अध्यक्ष हनुमत दीक्षित के साथ नगर पालिका चौराहे पर गाड़ी रोककर अपने अनेको समर्थको के साथ की गई गाली गलौज अपमानजनक शब्दों द्वारा भद्रता करते हुए कपड़े फाड़े जाने की घटना को लेकर एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सोंपा। ज्ञापन सौंपते समय अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संस्थान के जिला उपाध्यक्ष महेश शास्त्री लाखनपुर, जिला उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा डिडवाड़ी, जिला मंत्री सागर पंचोली बौंली, महामंत्री लोकेश शर्मा एवं गोपाल शर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने एक मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि थाना हाजा के टॉप 10 अपराधियों की सूची में वांछित एवं आबकारी अधिनियम के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी कौशिन्द्र पुत्र लालचन्द जाट निवासी ग्राम जागुवास, थाना सदर बहरोड़ को पुलिस टीम ने नारेहड़ा-सरूण्ड मार्ग पर खड़ा पाया, जो कि बावर्दी पुलिस जाप्ते को देखकर भागने लगा। जिससे पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

### महिला अधिकारों की दी जानकारी

**निवाई।** स्थानीय पुलिस थाने में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र में गुरूवार को सामाजिक परामर्शदाता सुनीता शर्मा एवं विधिक परामर्शदाता नीतूसिंह विजय के सानिध्य में भगतसिंह महाविद्यालय की महिला स्टाफ के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिलाओं को फोन के जरिए विडियोज, कॉलिंग व साइबर क्राइम की जानकारी दी।

# कलक्टर ने आमजन की समस्याओं का समाधान कर राहत देने के दिए निर्देश

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने उपखंड अधिकारियों को रास्तों से संबंधित प्रकरणों को 'रास्ता खोलो अभियान' में शामिल कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर गुरुवार को यहां डीओआईटी केंद्र में राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं संपर्क समाधान शिविर में लोगों के अभाव-अभियोग सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सुबह 11 बजे जनसुनवाई शुरु की। इस दौरान रास्ते संबंधित परिवेदनाएं आने पर जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार रास्तों से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण कर लोगों को राहत देने के लिए काफी गंभीर है। इसके लिए गत दिनों पूरे प्रदेश में 'रास्ता खोलो अभियान' चालू किया गया है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जनसुनवाई में प्राप्त रास्तों से संबंधित प्रकरणों को इस अभियान में शामिल करें और प्रभावी एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण करें। बंद रास्तों को समझाइश एवं आपसी सहमति से खोलने का प्रयास करें। साथ ही, विवादित प्रकरणों की वास्तविक मौका रिपोर्ट प्राप्त करें और उनका जल्द निस्तारण करें।



कलेक्टर ने शिविर में आमजन की समस्याओं को सुना।

- रास्तों से संबंधित प्रकरणों को 'रास्ता खोलो अभियान' में शामिल कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए

उन्होंने कहा कि अब रबी फसल की कटाई भी हो चुकी है, जिससे खेत खाली है। इस अवसर का लाभ लेते हुए रास्तों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें।

इस दौरान पेयजल समस्या का समाधान करने, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कनेक्शन देने, नामान्तकरण खुलवाने, शौचालय की राशि का भुगतान करवाने, सार्वजनिक रास्तों एवं खातेदारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने जैसे 52 परिवाद प्राप्त हुए जिन्हें सुनकर जिला कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली और त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## 'अधिकारी जनसुनवाई में आएं लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें'

**टोंक।** एडीएम ने भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न उपखंडों एवं ग्राम पंचायतों से आए परिवादियों की समस्याओं को सुना। साथ ही, जिला अधिकारियों एवं वीसी से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

इस दौरान शहर के गुलजार बाग के निवासियों ने नाले को ठीक कराने, पांच बत्ती के शकील ने बिजली की समस्या दूर करने, पेयजल की समस्या को दूर करने, अतिक्रमण हटाने को लेकर गुहार लगाई। इसी प्रकार टोंक शहर की खुशी महावर ने स्कूटी देने, तहसील निवाई के ग्राम मुंडिया तरमीम दुरूस्त करवाने, टोंक शहर के बहीर निवासी भागचंद ने नाली की सफाई कराने, पुरानी टोंक के ओमप्रकाश ने पेयजल पाइप लाइन डालने, बाबूलाल मीणा ने पानी की सप्लाई करने, ग्राम सोनवा के रतिराम एवं ग्राम लांबाकलां के छीतरलाल ने अतिक्रमण हटाने, तहसील पीपलू के ग्राम जौंला निवासी प्रभुदयाल बैरवा ने रास्ता दिलवाने, तहसील उनियारा के उखलाना निवासी रामकेश मीणा ने पीएम आवास की किश्त दिलाने, ग्राम देवपुरा के श्योजी ने विद्युत कनेक्शन जारी करने, रजबन के सगीर ने अवैध निर्माण को हटाने एवं तहसील पीपलू के नानेर निवासी रामलाल ने आवासीय पट्टे जारी करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

## 'बाल विवाह की रोकथाम के लिए जनभागीदारी जरूरी'

**निवाई।** सिकोईडिकोन संस्था व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस के संयुक्त तत्वावधान में न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत भगवानपुरा की ढाणी, जुगलपुरा, विजयपुरा, गुडोली, श्रवन बैरवा की ढाणी व मुनियां गांव में बाल विवाह व बाल श्रम की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। संस्था प्रधान अनिता शर्मा व देवेन्द्र जांगिड ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ताओ द्वारा ग्रामीणों को बाल विवाह की रोकथाम अधिनियम, बाल अधिकार एवं बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए बने विभिन्न कानूनों, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम कानून आदि की विस्तार से जानकारी दी एवं बालक बलिकाओं को शिक्षित बनाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प दिलाया।

## 'भागवत की कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है'

**पावटा।** बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा के तत्वावधान एवं बाबा जयराम दास महाराज के सान्निध्य में स्व.बंशीधर अग्रवाल व स्व.कमल कुमार अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बाबा बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी के सौजन्य व मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के नेतृत्व में में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मुख्य यजमान भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग द्वारा परिवारजनों के साथ श्रीमद् भागवत कथा में आरती कर कथा का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश द्वारा कथा प्रसंग में चौथे दिन गुरुवार को राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनायी।

कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि 84 लाख की योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है। जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ। जब कंस ने सारी मर्यादा तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। वहीं गांव में चल रहे भागवत कथा सुनने पहुंचे कथा सुन भाव विभोर हो रहे थे। भागवत कथा को लेकर इलाके में भक्तिमय वातावरण का माहौल है। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए।

कथा का संगीतमयी वर्णन सुन श्रद्धालुगण झूमने लगे। कथा को सफल बनाने को लेकर बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा,जम्मन राठी, संतोष गुप्ता, सुशील गौड, गोपाल, अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष विनय गोयल, कोषाध्यक्ष जुगल सोनी, सचिव आकाश शर्मा, कार्यकर्ता लोकेश टांक, विनीत शर्मा, विजय शर्मा, अमन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ,कालूराम प्रजापत, अमित शर्मा, अमित बटवाल, अमित शर्मा, महेंद्र कुमावत, पूरण कुमावत, प्रदीप टांक सहित कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित अन्य सदस्य और सैकड़ों की संख्या में भक्त कथा को सफल बनाने में लगे हैं।

## 'अधिकारी संवेदनशील रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करें'

**अलवर।** जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 195 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। कलेक्टर ने परिवादियों की परिवेदनाओं का पढ़ा

- जनसुनवाई में 195 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

और उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर समाधान के निर्देश दिए और अधिकारियों को कहा कि प्रो-एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें।

जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालय में आने वाले परिवादियों की परिवेदनाओं के समाधान हेतु नियमित जनसुनवाई करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडकर जनसुनवाई प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की। अलवर जिले में जल जीवन मिशन में हुई अच्छी प्रगति एवं जल शक्ति मंत्रालय को जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के द्वारा जिले के


अलवर मिनी सचिवालय सभागार में जनसुनवाई करते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

सरकारी स्कूलों व सरकारी भवनों आदि में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों पर प्रजेंटेशन दिया था। जिसकी की सराहना जल शक्ति मंत्रालय द्वारा की गई थी। जल संरक्षण व जल जीवन मिशन में अलवर में हो रहें अच्छे कार्यों को लेकर मुख्य सचिव पंत ने जिला कलेक्टर की सराहना की।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से नगर निगम, यूआईटी, विद्युत, जलदाय, राजस्व, पुलिस आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में अलवर शहर के मोहल्ला साहबजोडा में साफ-सफाई कराने, मेहताब सिंह का नोहरा में अतिक्रमण हटाने व नाली सफाई कराने, ग्राम दादर में अवैध प्लाटिंग हटवाने, अलवर के वैष्णव कुंज कॉलोनी में एवं कठूमर के ग्राम बहरामपुर में खेल मैदान व आम रास्ते से व देसूला में अतिक्रमण हटवाने, थानागाजी के ग्राम सालेटा में नाले को खुलवाने, अखैपुरा मोहल्ले के प्रतापबंध मोक्ष धाम में विकास कार्य कराने, 60 फुट रोड जैन स्वीट्स भंडार की दुकान की तरफ से प्रजापति भवन व 200 फुट रोड जाने वाले मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगवाने व अतिक्रमण हटवाने,फरियादी कर्मचारी कॉलोनी निवासी अमित जोशी को पट्टा दिलवाने, बाम्बोली निवासी दिव्यांग हरिसिंह को आर्थिक सहायता दिलवाने, हिन्दूपाडा निवासी विशाल कुमावत ने पिछडा वर्ग छात्रवृति दिलाने से संबंधित परिवेदनाओं पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये।

## खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की अवधि 30 अप्रैल तक

**कोटपूतली।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित अपात्र श्रेणी के परिवारों को स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि गिव अप अभियान के तहत निष्कासित श्रेणी के परिवार जिला रसद अधिकारी कार्यालय या उचित मूल्य दुकान से फॉर्म लेकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवा सकते है। जिला रसद अधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तर पर उचित मूल्य दुकानदारों की मीटिंग ली जाकर इस अभियान का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अब तक विराटनगर, पावटा, बानसूर, नारायणपुर, उपखण्ड में उचित मूल्य दुकानदारों की मीटिंग लेकर गिव अप अभियान में अपात्रों को जागरूक कर स्वैच्छा से राष्ट्र हित में अपना नाम एनएफएसए सूची से हटाने का आह्वान किया गया। सभी डीलर्स को भी राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा गिव अप अभियान का व्यापक प्रचार-प्रचार करने के निर्देश दिये गये। अब तक जिले में 1463 राशन कार्ड एवं 6599 यूनिट हटाये जा चुके है। गिव अप अभियान में निष्कासित श्रेणी के जिन परिवारों द्वारा खाद्य सुरक्षा से नाम नहीं

- गिव अप अभियान के तहत निष्कासित श्रेणी के परिवार जिला रसद अधिकारी कार्यालय या उचित मूल्य दुकान से फॉर्म लेकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवा सकते है

हटाया जायेगा, उनसे 27 रूपये प्रति किग्रा गेंहू की दर से वसूली एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुरूप विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिला रसद अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित निष्कासित श्रेणी के 20 परिवारों को नोटिस जारी किये जा चुके है। विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की गाइडलाईन जारी की गई है। जिसमें ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो। एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो। परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) संस्थाओं में कार्यरत कार्मिक आदि परिवार निष्कासन की श्रेणी में आते है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौत

**दौसा।** बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां अजमेर से आगरा फोर्ट जा रही ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब ट्रेन स्टेशन से रवाना हुई और यार्ड में यह दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रेन के गुजरते वक्त महिला पटरी के पास मौजूद थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वह हादसावश चपेट में आई या मामला आत्महत्या का है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपा की टीम मौके पर पहुंची। जीआरपी थाना अधिकारी रामलाल ने बताया कि मृतका की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच है और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस महिला की पहचान के प्रयास कर रही है और आसपास के थाना क्षेत्रों में भी गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। साथ ही हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि महिला ट्रेन की चपेट में कैसे आई।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई इस महिला को पहचानता हो, तो तत्काल जीआरपी बांदीकुई से संपर्क करें।

## प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सुनी आमजन की समस्याएं

**मनोहरपुर।** जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विधायक मनीष यादव सहित क्षेत्र के कई अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।

इस जनसुनवाई में आमजन ने अपनी दैनिक जीवन में आने वाली कई समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। शिकायतों में मुख्य रूप से बिजली की अनियमित आपूर्ति और लंबी कटौती, पेयजल की कमी, क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत में देरी, छात्रवृत्ति और पालनहार योजना के लंबित भुगतान, स्वास्थ्य सेवाओं में कमी, सफाई व्यवस्था का ठीक से संचालन न होना तथा सड़कों पर खराब लाइटिंग सिस्टम जैसे मुद्दे शामिल थे।

इस अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा कि ब्लॉक लेवल पर अधिकारी जनता का कार्य करे तो लोगो को यहाँ तक नहीं आना पड़े। विधायक ने लोगो की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। विधायक ने आश्वासन दिया कि जनता द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान शीघ्र कराने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी लंबित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। जिला प्रशासन ने नागरिकों को विश्वास दिलाया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनीता सिंह ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करना है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करना होगा।

इस दौरान आमेर से विधायक प्रशांत शर्मा, चोमू से शीखा मील बराला, चाकसू से रामावतार बैरवा, जमवारामगढ़ से महेंद्रपाल मीणा और फुलेरा से विद्याधर चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा, जिला स्तर के सभी प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने-अपने विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली।** भारत विकास परिषद् शाखा कोटपूतली का दायित्व ग्रहण एवं परिवार सह मिलन कार्यक्रम राजमार्ग स्थित होटल दीवान में भारत विकास परिषद् के प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी ने भारत विकास परिषद् के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की महत्ता स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि इनके बिना परिषद् का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। इसलिये परिषद् के प्रत्येक सदस्य को सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण की भावना अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिये।

विशिष्ठ अतिथि भारत विकास परिषद् के प्रांतीय संगठन सचिव संजीव भार्गव ने कहा कि इस बदलते परिवेश में परिवारों के संरक्षण एवं संस्कारों की महत्ती आवश्यकता है। परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर भोजन करें, परस्पर बातचीत करें, मोबाईल का उपयोग आवश्यकता के हिसाब से करें, बच्चे मोबाईल से जितना सम्भव हो उतना दूर रहें। अध्यक्षता करते हुये डॉ. वासुदेव गुप्ता ने कोटपूतली शाखा द्वारा वर्ष पर्यन्त किये जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश दीवान ने स्थानीय शाखा को और प्रभावी बनाने की बात कही।

## सार-समाचार

### मेले में 350 पुलिस प्रशासन का लगेगा जाप्ता

**मनोहरपुर।** ताला ग्राम पंचायत की पुलिस चौकी में 2 एडिशनल एसपी 5 डिवाइएसपी, 8 सीआई, 7 एसआई, 17 एएसआई 294 हैड कांस्टेबल व कांस्टेबल का लगेगा जाप्ता। हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक ऊंची डूंगरी विराजमान हजरत बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला का वार्षिक उर्स मेले के आयोजन को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण यातायात बृजमोहन मीणा और रायसर थाना प्रभारी रघुवीर सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इस दौरान अतिरिक्त अधीक्षक जयपुर ग्रामीण यातायात ब्रजमोहन मीणा रायसर थाना प्रभारी रघुवीर सिंह, चौकी इंचार्ज हेड कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार कांस्टेबल गोकुल मीणा ने दरगाह के आसपास पार्किंग व्यवस्था मीना बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच आमिर खान पूर्व सरपंच फखरुद्दीन शेख अन्नू खान शेख, खादिम हाजी शकूर खान शेख, हाजी फखरुद्दीन टिकाई, सिराज खान आदि साथ में मौजूद रहे।

### बैठक संपन्न

**निवाई।** वैष्णव बैरागी समाज के तत्वावधान में पीपल पूर्णिमा पर आयोजित प्रथम निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बाजार में स्थित लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में सम्मेलन के कोषाध्यक्ष शिवजीराम वैष्णव गोहरपुरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सम्मेलन अध्यक्ष गुलाब वैष्णव खंडवा ने बताया कि पीपल पूर्णिमा पर जमना गार्डन में आचार्य सीताराम निम्बार्क के सानिध्य में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियों को लेकर बैंड-बाजे, घोडी, टेंट, डेकोरेशन, पेयजल, भोजन, हलवाई, पार्किंग व सम्मान समारोह सहित कई व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में 15 जोडों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों द्वारा समाज के लोगों व भामाशाहों से जनसंपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए संमेलन अध्यक्ष गुलाब वैष्णव, कोषाध्यक्ष शिवजीराम वैष्णव, खेमराज त्यागी पहाड़ी, उपाध्यक्ष सीताराम वैष्णव बरौनी, कैलाश वैष्णव पतासी, रमेश वैष्णव डारडाहिंद, मुकेश वैष्णव बहड, जगदीश वैष्णव गोवर्धनपुरा, कन्हैयालाल व बाबूलाल वैष्णव अजमेरी गोविंदपुरा सहित करीब 2 दर्जन भामाशाहों द्वारा सामान व सहायता राशि देकर सम्मेलन में तन मन धन से सहयोग करने का आहवान किया। बैठक में तहसील कार्यकारणी समिति अध्यक्ष मोतीलाल वैष्णव, महामंत्री भंवरलाल वैष्णव करीरिया, सुरेश वैष्णव देवपुरा, रतनलाल वैष्णव, नंदलाल वैष्णव डागरथल, रघुनाथ वैष्णव सिसोला व मीडिया प्रभारी कमलचंद वैष्णव बगड़ी सहित कई समाज बंधु मौजूद थे।

### उपखंड अधिकारी ने निरीक्षण किया

**दौसा।** उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया ने गुरुवार को जिला अस्पताल दौसा का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में लेबर रूम, शोचालय, निःशुल्क दवा वितरण केंद्र, लैब में विभिन प्रकार की जांच एवं वार्डो की साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, बिजली, जनरेटर, पानी की व्यवस्था, मरीजों को मिलने वाले दूध तथा लू एवं तापघात से पीड़ित मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वार्डो में भर्ती मरीजों से दूध वितरण की जानकारी ली। चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति जांची। उपखंड अधिकारी लूनिया ने हीट वेव एवं तापघात से पीड़ित मरीजों के लिए पृथक से वार्ड आरक्षित कर एसी लगाने व पेयजल की व्यवस्था करने, पर्दो, बेड शीट बदलवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में संचालित इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर लालसोट और महुवा में भी दिव्यांग पत्र बनवाने के लिए सीएमएचओ से बात की ताकि इन्हें कम परेशानी हो। इस दौरान पीएमओ डा.आरके मीना साथ में रहे।

### यमंत्री के चौमूं आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई मीटिंग

**चौमूं / कालाडेरा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चौमूं एवं देहात मंडल बांसा की सयुक्त बैठक का आयोजन सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर किया गया। बैठक का आयोजन शनिवार 19 अप्रैल 2025 को प्रातः 9:30 बजे बाइपास स्थित आर.चंद्रा रिसोर्ट के सामने चौमूं में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत समारोह को लेकर किया गया। मीटिंग में मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर तैयारियाँ पर चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारिया सौंपी गई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एन आर यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 अप्रैल को सीकर जाते समय नगर और बांसा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रातः 9:30 बजे आरचन्द्रा रिसोर्ट चौमूं में और गोविन्दगढ और कालाडेरा मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा प्रातः 10:00 बजे बस स्टैण्ड गोविन्दगढ़ में स्वागत का कार्यक्रम रखा गया है। इस मौक़े पर भाजपा नागौर जिला प्रभारी अशोक भदारा, जयपुर जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, अर्चना कुमावत, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, देहात बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर गागोरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, कालूराम जाट, सीताराम काछवाल, सीएम खटिक सहित पार्षदगण, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विरोध प्रदर्शन किया

**निवाई।** गांधी पार्क में शुक्रवार को शहर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विधानसभा प्रभारी व पीसीसी सचिव राजेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में बैठक आयोजित होगी जिसमें केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल जाट ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राजनीतिक द्वेष के कारण अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रख कर विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए यूपीए चेयरपरसन सोनिया गांधी व विपक्ष नेता राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध मनमाने तरीके से कार्रवाई करते हुए ईडी द्वारा चार्ज शीट पेश की गई है। जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसके विरोध में शुक्रवार को सुबह 10 बजे गांधी पार्क में ब्लॉक व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** गांव चैनपुरा की बैरवा ढाणी के ग्रामीणों ने बैरवा की ढाणी को नगरपालिका के परिसीमन के तहत चैनपुरा गांव के वार्ड नम्बर 40 बनाया गया है। इसमें बैरवा ढाणी को ढाणी जुगलपुरा के वार्ड में मिला दिया है। जो कि बहुत दूर स्थित है वहां जाने के लिए रास्ते का भी अभाव है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर बैरवा नगरपालिका के वार्ड नम्बर 40 में शामिल करने की मांग की है। ढाणी निवासी रामप्रसाद बैरवा, हजारीलाल बैरवा, श्रीलाल बैरवा, रामसहाय बैरवा, रामदयाल बैरवा, रामकल्याण बैरवा, रमेशचंद बैरवा, बिजेंद्र बैरवा, रामचंद्र बैरवा, नारायणलाल बैरवा एवं रामनारायण बैरवा सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि नये परिसीमन के तहत बैरवा ढाणी चैनपुरा को ढाणी जुगलपुरा की अन्य ढाणियों के साथ मिलाकर नगर पालिका निवाई का नया वार्ड बनाया है। बैरवा ढाणी के समस्त नागरिक गांव चैनपुरा के साथ रहना चाहते है जो कि महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने बैरवा ढाणी को चैनपुरा के वार्ड 40 में शामिल करने की मांग की है।

### निःशुल्क जांच शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** एम.एस.हॉस्पिटल श्रीमाधोपुर में रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर और जल बचाओ पेड़ लगाओ समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को निःशुल्क बीएमडी (बोन मैरो डेंसिटी) जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 42 रोगियों की निःशुल्क जांच की जाकर आवश्यक परामर्श दिया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि यह शिविर प्रतिमाह आयोजित किया जाता है। आज के शिविर में अब्दुल वाहिद खोखर,राजकुमार बिजारणियां, गोकुल शर्मा,रोहित कुमावत, लैब तकनीशियन वेद प्रकाश शर्मा समेत अनेक व्यक्ति उपस्थित थे।

### 5 दिवसीय वार्षिक मेला शुरु

**मनोहरपुर।** ताला ग्राम पंचायत की ऊंची डूँगरी पर विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत बाबा बुर्हानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का पांच दिवसीय वार्षिक मेला 17 अप्रैल गुरुवार को झंडे के रस्म के साथ में विधिवत शुरू होगया है जो की 20 अप्रैल रविवार को कूल की रस्म के साथ में विधिवत शहरी मेला संपन्न होगा इसके बाद में 21 अप्रैल सोमवार को गुदड़ी मेला भरेगा।